तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 नवंबर 2024

14 पारंपरिक रूप से उत्साह के साथ मना मातर

13 लगातार चार बार महिला सरपंच, ग्रामीणों …




## खबर संक्षेप

### बोरगहन (फुण्डा) में देव मड़ई 9 को



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बोरगहन (फुण्डा) स्थित अंचल के प्रसिद्ध मंदिर मां भरारीपाट के प्रांगण में 9 नवंबर को देव मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। सरपंच संतराम चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर पर दोपहर 3 बजे से मंदिर प्रांगण में आदर्श बाल जस झांकी मंडली की प्रस्तुति भी रखी गई है।

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के कर्मचारियों की हड़ताल कल

**अंडा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग के आह्वान पर 8 नवंबर से सभी जिला बैंक दुर्ग बालोद, बेमेतरा के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। अपने एक सूत्रीय मांग पर्यवेक्षक को स्वतंत्र प्रभार, एक प्रबंधक एक प्रभार को लेकर बैंक बंद करने की घोषणा कर दी गई है। अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर ने बताया कि 8 नवंबर को तीनों जिलों दुर्ग, बालोद व बेमेतरा में काम बंद रहेगा।

### चोरी के मामले में युवक सहित नाबालिग पकड़ाया

**अंडा।** ग्राम अंडा में 16-17 अक्टूबर की रात राजेश ट्रेडर्स हार्डवेयर दुकान में हुई चोरी के



मामले में अंडा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही विधि से संघर्षरत एक बालक को किशोर न्यायालय दुर्ग भेजा है। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुँच कर आरोपी अरमान खान पिता अजीज अली उम्र 18 वर्ष 10 माह पता बुडौरा कुमहापुर थाना प्रतापगढ़ जिला प्रतापगढ़ उत्तरप्रदेश को पकड़ा गया। वर्तमान में वह ग्राम चुनकट्टा थाना उतई जिला दुर्ग में निवासरत है। इसके साथ ही विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। दोनों ने पूछताछ में उक्त अपराध को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके साथ ही अन्य थाना क्षेत्र गुण्डरदेही, रनचिरई, बालोद, थनोद में भी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल बरामद कर कब्जा किया गया। मामले के आरोपी अरमान खान को 6 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर तथा विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय दुर्ग भेजा गया। मामले में विवेचना जारी है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी भानुप्रताप साव, सउनि सुंदर लाल नेताम, प्रआर कौशलेन्द्र सिंह, दिलीप राउत आर. उमाकांत वर्मा, ओमप्रकाश, अजय चन्द्राकर, भवानी जगत, नितेश कुर्रे, तेजेश्वर साहू की मुख्य भूमिका रही।

### दुर्ग रेलवे स्टेशन में पांच अनाधिकृत वेंडर पकड़ाए

**भिलाई।** रेलवे ने अधिकृत वेंडरों द्वारा ट्रेनों और स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसे लेकर स्टेशनों, ट्रेनों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान को बेहतर करने के लिए अभियावन चलाया जा जा रहा है। रेलवे प्रशासन को अनाधिकृत वेंडिंग की शिकायत भी समय-समय पर मिलती रहती है। इसे लेकर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देश पर मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा ट्रेनों प्रमुख स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से खानपान जांच किया जा रहा है। इसे लेकर दुर्ग रेलवे स्टेशन में चलाये गए औचक खानपान जांच अभियान के दौरान 5 आनाधिकृत वेंडर पकडे गये। जिन पर रेलवे ने कार्रवाई किया है।

**राज्योत्सव**

जिलास्तरीय राज्योत्सव में शामिल हुए विधायक, राज्य निर्माण के लिए पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी का जताया आभार

# सभी क्षेत्रों में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है हमारा छत्तीसगढ़ राज्य : कोर्सेवाड़ा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य सभी क्षेत्रों में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है।

उक्त बातें अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कही। कोर्सेवाड़ा जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय राज्योत्सव को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। श्री कोर्सेवाड़ा ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के योगदानों को भी स्मरण किया।



उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के आशीर्वाद से हमें छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात मिली है और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निरंतर संवारने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर देश को विश्व गुरू बनाने का कार्य किया जा रहा है। कोर्सेवाड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार ने जनता को जो वायदा किया है, उसे पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर उन्होंने सभी आवासहीन परिवारों को पक्का आवास प्रदान करने तथा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार की राशि प्रदान करने के अलावा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सहित अनेक अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। श्री कोर्सेवाड़ा ने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के कुशल नेतृत्व में बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना भी की। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू सहित पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू एवं दयाराम साहू के अलावा कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, केसी पवार, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, कृतिका साहू, प्रमोद जैन, सुरेन्द्र देशमुख सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वालों को किया गया सम्मानित

इस दौरान सांस्कृतिक संस्था लोकरंग एवं मयारु मोर कला मंच के अलावा छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। समारोह में अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले कलाकारों एवं स्कूली विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा ने किया।

### प्रत्येक क्षेत्र में मिली उल्लेखनीय उपलब्धि

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने कहा कि विगत 24 वर्षों में प्रगति के सोपानों को तय करते हुए प्रत्येक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि कभी नक्सल प्रभावित राज्य के नाम से जाने वाला छत्तीसगढ़ आज एक आत्मनिर्भर राज्य बनकर देश और दुनिया में अपना विशिष्ट स्थान कायम किया है।

### कलेक्टर ने दी योजनाओं के क्रियान्वयन व उपलब्धियों की जानकारी

कार्यक्रम का स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में बालोद जिले में शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित क्रियान्वन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने जिले में राज्य शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वन के उपलब्धि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



## मध्यान्ह भोजन पकाने के लिए रखी लकड़ी में लगा दी आग, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक स्थित ग्राम बरबसपुर के स्कूल में मध्यान्ह भोजन पकाने के लिए रखी लकड़ी को असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दिए जाने की शिकायत महिला समूह ने कलेक्टर से की है।

ग्राम बरबसपुर की मुस्कान स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि वे मध्यान्ह भोजन संचालित करती हैं। समूह द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन संचालन के लिए चार ट्राली लकड़ी की व्यवस्था की गई थी, जिसमें रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों ने आग लगा दी। महिलाओं ने बताया कि लकड़ी की अनुमानित कीमत 40,000 रूपए थी। आगजनी की सूचना सरपंच एवं ग्रामीणों ने थाना रनचिरई में आवेदन सौंपकर दी है। महिलाओं ने बताया कि लकड़ी में आग लगने वालों पर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन कई महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की माँग की गई है।

डौंडीलोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेतामटोला का मामला

## निलंबित शिक्षक की उसी स्कूल में वापसी की मांग, ग्रामीणों ने गेट पर लगाया ताला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडीलोहारा

जिले के डौंडीलोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेतामटोला के ग्रामीणों ने शासकीय प्राथमिक शाला के निलंबित सहायक शिक्षक दुलेश कुमार देवांगन को वापस उसी स्कूल में पदस्थ करने की मांग को लेकर पहले तो कलेक्टर को पत्र लिखकर अनुरोध किया, उसके बाद बुधवार को स्कूल के मुख्य गेट में तालाबंदी कर स्कूली बच्चों के साथ धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भाजपा महामंत्री दारासिंह भौसार्य व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने के लिए अपने पद का दुरुपयोग कर षड्यंत्र पूर्वक सहायक शिक्षक पर नशापान करने का आरोप लगाते हुए उन्हें निलंबित करवाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भाजपा नेता का हमारे गांव या पंचायत से किसी प्रकार का संबंध नहीं है। उनके द्वारा शिक्षक के खिलाफ कब शिकायत की गई, इसकी जानकारी न तो स्कूल वालों को है, न शाला प्रबंधन व विकास समिति और न ही नेतामटोला ग्रामीणों को है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक दुलेश कुमार देवांगन पर नशापान का आरोप बेबुनियाद है। शाला विकास समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामीणों ने शिक्षक दुलेश कुमार देवांगन को निलंबित अवधि के भीतर ही शासकीय प्राथमिक शाला नेतामटोला में पुनः पदस्थ करने की मांग की है।

### बैठक के दौरान नशे में होने और दुर्व्यवहार करने का आरोप

विकासखंड शिक्षा विभाग डौंडीलोहारा से मिली जानकारी के अनुसार निलंबित शिक्षक दुलेश कुमार देवांगन ने भवरमला स्थित शासकीय हाई स्कूल में बैठक के दौरान वहां अन्य शिक्षकों, शाला विकास समिति और ग्रामीणों सहित जनप्रातिनिधि के साथ दुर्व्यवहार किया था। इसके अलावा उन पर शराब पीकर बैठक में आने का भी आरोप लगा था। इसलिए उच्च अधिकारियों ने जांच में सही पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई।

### समझाइश के बाद शांत हुए ग्रामीण, खुला स्कूल

मामले में डौंडीलोहारा बीइओ हिमांशु मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा स्कूल में तालाबंदी कर प्रदर्शन करने की जानकारी मिलने पर वे मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाइश दी। उन्होंने बताया कि चूंकि शिक्षक निलंबित हो चुका है, ऐसे में इस प्रकरण के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। उसके बाद ग्रामीण वहां से चले गए और स्कूल के गेट का ताला खोला गया।

गांवों के साथ ही शहरी इलाकों में भी होने लगा ठंड का अहसास

## बढ़ने लगी ठंड, सुबह-शाम छाने लगा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दीपावली पर्व के बाद ठंड बढ़ने लगी है। वनांचल व ग्रामीण इलाकों के साथ शहरी इलाकों में भी ठंड बढ़ गई है। सुबह और शाम को ठंड अत्यधिक महसूस की जा रही है। लेकिन, दिन का तापमान अभी भी सामान्य से अधिक है, जिससे दिन में अभी भी तेज धूप का अहसास हो रहा है।

यह शुरुआत है, आने वाले समय में कंपकपाती ठंड रहेगी। ठंड के मौसम को देखते हुए जिला मुख्यालय में गर्म कपड़ों की दुकानें सज गई हैं और ग्राहकों का दुकान में आना-जाना भी शुरू हो गया है। हालांकि अभी बहुत ज्यादा ठंड नहीं होने के कारण इक्का-दुक्का ग्राहक ही पहुंच रहे हैं। शहर में तिब्बत, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश सहित कई अन्य इलाकों जहां ठंड हमारे क्षेत्र से कहीं ज्यादा रहती है उन इलाकों में बिकने वाले गर्म कपड़ों की दुकान लग रही है।



### कोहरे के कारण वाहन चालकों को परेशानी, सावधानी आवश्यक

इन दिनों ठंड की शुरुआत हो चुकी है। सुबह-शाम घना कोहरा छाने लगा है। इसके कारण सड़कों पर वाहन चालकों को सफर करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे वाहनों को सबसे ज्यादा समस्या हो रही है। आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है, जिसके कारण ज्यादा कोहरा होने से वाहन चलाने में और ज्यादा परेशानी हो सकती है। इसलिए वाहन चालकों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बता दें के हर साल कोहरे और तेज रफ्तार के कारण सड़क बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें कई लोग अपनी जान गंवा देते हैं।

### विवाद होने पर पत्नी पहुंची थाने, पति ने लगा ली फांसी

**भिलाई।** पति पत्नी में लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद सोमवार को पत्नी शिकायत करने थाने पहुंची तो पति ने अपने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि घासीदास नगर बॉम्बे आवास निवासी हीरालाल साहू का विवाह 18 साल पहले हुई थी। लगातार हीरालाल और उसकी पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद पांच साल से चल रहा था। सोमवार को भी दोनों के मध्य विवाद हुआ। विवाद से परेशान पत्नी ने घटना की शिकायत करने जामुल पुलिस थाना पहुची ही थी। तोडे देर बाद उसका बेटा पहुंचा और पिता हीरालाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना दी।

हरिभूमि **पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### बॉयस डबल्स में जसवानी और शाश्वतश्री ने जीती ट्रॉफी

**रायपुर।** राज्यस्तरीय मिनी एवं सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबलों में रायपुर के ऐरिक जसवानी ने अंडर-11 बॉयस सिंगल्स में रनरअप व बॉयस डबल्स में ऐरिक जसवानी व शाश्वतश्री ने रायपुर के ही पुष्कल देवांगन व रक्षित यादव को हराकर फाइनल विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। यह बैडमिंटन चैपियनशिप रायपुर के मोवा स्थित आई स्पोर्ट्स में संपन्न हुई।

### असामाजिक तत्वों के आतंक से परेशान, एसएसपी को ज्ञापन

**रायपुर।** सरोना बीएसयूपी कॉलोनी में रहने वाले लगभग 20 गरीब परिवार के लोग असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों से परेशान हैं। कॉलोनी निवासियों ने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता के साथ एसपी ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासियों ने ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के आदतन अपराधियों द्वारा नशे की हालत में आए दिन रास्ता रोककर गाली-गलौच करते हुए विवाद किया जाता है। सामाजिक नेता भगवानू नायक ने कहा, शहर की कानून व्यवस्था अनियंत्रित हो रही है, कानून व्यवस्था को ताक में रखकर और बेखौफ होकर अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे है और पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती है, जिस कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नूरा सोना, प्रेमशीला निहाल, आरती तांडी, सावित्री तांडी, ममता बारीक, झिरेल महानंद, गायत्री तांडी सहित बड़ी संख्या में बीएसयूपी कॉलोनी सरोना के निवासी उपस्थित थे।

### चापर दिखाकर दहशत फैलाते धरा गया आरोपी

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर पुलिस आर्म्स एक्ट के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। घटना 5 नवंबर को सुबह 11.50 बजे की है। मंगतदान चारण निवासी राजभोग मिठाई दुकान अमलीडीह ने थाने में सूचना दी कि उसके होटल में काम करने वाला मिस्त्री सुरेश यादव चापर हथियार लेकर उसके होटल में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों को डरा-धमका रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को चापर के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. हजारिका का योगदान न केवल असम, बल्कि संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करता है। उनकी विरासत, उनके गीत और उनके कार्य हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगें।

# त्योहारी सीजन में बिके 73 हजार वाहन, आटोमोबाइल सेक्टर में बरसे ढाई हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन में इस बार हर सेक्टर पर लक्ष्मी जी की कृपा जमकर बरसी है। हर सेक्टर में बीते साल से ज्यादा कारोबार हुआ है। आटोमोबाइल सेक्टर में नवरात्रि से लेकर दीपावली तक 72721 वाहन बिके, वहीं अक्टूबर में 84781 वाहन बिके। यह बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा है। बीते साल अक्टूबर में 52260 वाहन बिके थे। इस साल 32 हजार वाहन बिके हैं। अक्टूबर में जो वाहन बिके हैं, उनकी अनुमानित कीमत ढाई हजार करोड़ है। इसमें जहां 17 सौ करोड़ के चारपहिया वाहन बिके हैं, वहीं करीब छह सौ करोड़ के दोपहिया और बाकी अन्य वाहन बिके हैं। त्योहारी सीजन का आगाज नवरात्रि से होता है। वैसे तो वाहनों की बिक्री गणेशोत्सव में लगातार 11 दिनों तक होती है, लेकिन आटोमोबाइल सेक्टर में असली बूम नवरात्रि से ही आता है। नवरात्रि में भी लोग 9 दिनों तक वाहन लेते हैं। इसके बाद पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर सबसे ज्यादा कारोबार होता है। इस बार दोनों शुभ मुहूर्त पर बहुत ज्यादा वाहन बिके हैं।

## अक्टूबर में बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा बिके वाहन



### कौन से वाहन कितने बिके

पूरे अक्टूबर माह में वाहन की बिक्री जमकर हुई है। यह बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा है। इस माह जहां सबसे ज्यादा 64893 दोपहिया वाहन बिके, बीते साल ये 38829 बिके थे। वहीं चार पहिया वाहनों में कारों की भी भारी डिमांड रही। इस बार तो सभी डीलरों के पास भारी संख्या में स्टॉक होने के कारण मॉडलों का भी लोचा नहीं हुआ और सबको मनपसंद वाहन भी मिले। कुल मिलाकर 14120 चार पहिया वाहन बिके। बीते साल 8221 चारपहिया वाहन ही बिके थे। इसके अलावा इस साल 1556 तीन पहिया, 2276 लाइट कमर्शियल व्हीकल और 1358 हैवी कमर्शियल व्हीकल भी बिके। जीके होंडा के संचालक पुनीत पारवानी के मुताबिक इस बार दोपहिया वाहनों की बहुत ज्यादा डिमांड रही। बीते सील से इस बार 26 हजार वाहन ज्यादा बिके हैं। इसी तरह से चार पहिया वाहनों की भी ज्यादा डिमांड होने के कारण चार हजार कारें ज्यादा बिकी हैं।

### बीते साल से ज्यादा बिके

इस बार का त्योहारी सीजन बीते साल से ज्यादा अच्छा रहा। बीते साल से अक्टूबर माह में 32 हजार वाहन ज्यादा बिके हैं।

**- विवेक गर्ग,** अध्यक्ष, फाड़ा छत्तीसगढ़

# शास्त्री बाजार में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली

**निजी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले वाहन चालकों से भी पार्किंग शुल्क वसूलना शुरू कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन के बाद अब शास्त्री बाजार पार्किंग के ठेकेदार और उसके कर्मचारी भी गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। पार्किंग में वाहन पार्क करने वालों से जहां मनमाना किराया वसूलने लगे हैं, वहीं विजेता काम्पलेक्स एवं अन्य निजी दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने वाले लोगों से भी पार्किंग के नाम पर जबरदस्ती वसूली की जा रही है। इसके कारण आए दिन वाहन चालकों का पार्किंग कर्मियों से विवाद होता रहता है। राजधानी रायपुर के शास्त्री बाजार में फल मार्केट के सामने पार्किंग बनाई गई है। नगर निगम प्रशासन ने इस पार्किंग को ठेके पर दिया हुआ है। प्रति दोपहिया वाहन 5 रुपए तथा तीन एवं चारपहिया वाहन का 10 रुपए पार्किंग शुल्क रखा गया है। यह शुल्क पार्किंग में खड़ी करने वाले गाड़ी चालकों से ही वसूला जाना है, लेकिन पार्किंग के कर्मचारी अब गुंडागर्दी करते हुए मनमाने रूप से निजी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले वाहन चालकों से भी पार्किंग शुल्क वसूलना शुरू कर दिया है।



### शिकायत मिलने पर करेंगे कार्रवाई

इस मामले में अभी तक कोई शिकायत मिली नहीं है। चेक कराता हूं। नियम के तहत ही पार्किंग शुल्क लिया जाना है। पार्किंग परिसर से बाहर खड़े वाहन का शुल्क वसूलने का अधिकार पार्किंग ठेकेदार को नहीं है।

**- अबिनाश मिश्रा,** कमिश्नर, नगर निगम रायपुर

### पार्किंग में जगह नहीं फिर भी वसूल रहे शुल्क

*शास्त्री बाजार में सब्जी, फल, रेडीमेड कपड़ा से लेकर विभिन्न व्यावसायिक दुकानें भी हैं। इसके कारण त्योहार के समय में अक्सर शास्त्री बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ पहुंचती है। इनमें ज्यादातर लोग वाहन से ही पहुंचते हैं। ये लोग पार्किंग परिसर में जगह नहीं होने या गंदगी पसरी होने के कारण अपनी गाड़ी निजी दुकानों के सामने खड़ी कर खरीदारी करते हैं। इसके बाद भी पार्किंग कर्मचारी इन लोगों की जबरन रसीद काट रहे हैं।*

### रसीद में ठेकेदार का नाम-हस्ताक्षर एवं दर का उल्लेख भी नहीं

*नगर निगम ने जिस व्यक्ति को पार्किंग का ठेका दिया है, उसके द्वारा नियम का पालन नहीं किया जा रहा। पार्किंग शुल्क की जो रसीद वाहन चालकों को दी जा रही है, उसमें ठेकेदार का नाम और हस्ताक्षर दोनों नहीं हैं। यही नहीं, रसीद में शुल्क की दर का भी उल्लेख नहीं है। इसका फायदा उठाकर कर्मचारी कई वाहन चालक से मनमाना पार्किंग शुल्क वसूल रहे हैं। रसीद में किसी प्रकार की सील भी लगी नहीं है।*

### त्योहार में जमकर वसूली

*दीपावली त्योहार के दौरान धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा के दिन तक शास्त्री बाजार में पार्किंग शुल्क के नाम पर आम लोगों से पार्किंग के कर्मियों द्वारा जमकर वसूली की गई। कुछ स्थानीय दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पार्किंग के कर्मी अब पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि त्योहार के दौरान हमारी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले कई वाहन चालकों की भी रसीद काटी गई है। विरोध करने पर उनके द्वारा निगम के अधिकारियों का हवाला देते हुए गुंडागर्दी की जाती है।*

# केंद्रीय जेल गेट पर फायरिंग मामले में फरार 2 आरोपी सहित 4 गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर केंद्रीय जेल परिसर गेट के सामने युवक पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों भी इस वारदात में शामिल थे, जो घटना के बाद से फरार थे। पुलिस ने इन दोनों के साथ इनके फरार होने में मदद करने वाले उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व पुलिस फायरिंग मामले में दो आरोपियों को घटना वाले दिन ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस तरह इस मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि इस वारदात में आरोपियों के अन्य साथी के साथ कई सहयोगी भी शामिल हो सकते हैं, जिनके बारे में पता लगाया जा रहा है। रायपुर केंद्रीय जेल परिसर गेट के सामने शेख साहिल पर कट्टे से फायरिंग के मामले में पुलिस ने मुस्तैदी के साथ आरोपियों को गिरफ्तारी किया है। आरोपियों ने सोमवार को दोपहर करीब सवा 12 बजे घटना को



अंजाम दिया था। इस घटना के 12 घंटे के भीतर ही पुलिस ने दो आरोपी शेख शाहनवाज और शाहरुख को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कट्टा एवं कारतूस का खाली खोखा जब्त किया था। आरोपियों ने पूछताछ में अपने अन्य साथियों के नाम बताए थे, जिसके आधार पर पुलिस ने मंगलवार को अब्दुल शेख गफ्फार उर्फ वादिया 47 वर्ष निवासी रजबंधा तालाब मौदहापारा एवं हीरा छुरा 24 वर्ष निवासी राजीव आवास कालोनी लालगंगा को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी ओड़िशा भागने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें धर-दबोचा। पुलिस ने इन दोनों के साथ उनके भागने में मदद करने का प्रयास करने वाले नरेंद्र जगत निवासी कबीरनगर एवं रवि जाल निवासी आदर्श नगर थाना राजेंद्र नगर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को संदेह है कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के और साथी एवं सहयोगी शामिल हो सकते हैं, जिसका पता लगाया जा रहा है।

### आईजी-एसएसपी ने की इनाम की घोषणा

*इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अधिकारियों के नेतृत्व में 10 अलग-अलग टीम बनाई थी। इस टीम ने 24 घंटों के भीतर ही इस प्रकरण से जुड़े सभी मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। टीम द्वारा त्वरित गति से आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए आईजी और एसएसपी ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए इनाम की घोषणा की है। आईजी ने 25 हजार रुपए एवं एसएसपी ने 10 हजार रुपए देने की घोषणा की है।*

# नाली में बनी पुलिया, बच्चों के लिए लगी फिसलपट्टी





हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा

- नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 9 के नागरिकों के लिए दी सौगात

नगर के वार्ड क्रमांक 9 के वार्डवासियों की मांग को नगर अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू व वार्ड पार्षद झुमक कोसमा ने पूर्ण किया। इसके लिए वार्ड वासियों ने हर्ष वक्त करते हुए आभार जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड की नाली में पुलिया नहीं होने के कारण परेशानी होती थी, जिसमें पुलिया बनाकर आवागमन को सुगम बनाया गया। इसके साथ ही वार्ड के बच्चों के लिए फिसलपट्टी लगाई गई। इस अवसर पर लोकेश्वरी साहू अध्यक्ष, झुमुक लाल कोसमा सभापति और वार्डवासियों के सहयोग से पौधारोपण भी किया गया। वार्डवासियों ने अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू व सभापति झुमुक लाल कोसमा का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने नगर पंचायत कर्मियों को आसपास के कचरे की साफ सफाई कर मुरुम फीलिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्याम बाई कोसमा, सुखिया बाई, लक्ष्मी बाई यादव, गुरु दयाल कोसमा, राजूराम, लादूराम, विक्रम यादव, नकुल, भुवन कुमार, दीपक यादव सहित नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुक्तिधाम में लकड़ियों की किल्लत दिवंगतों के परिजनों पर भारी पड़ रही





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रामनगर मुक्तिधाम में लकड़ियों की किल्लत दिवंगतों के परिजनों पर भारी पड़ रही है। शवों को जलाने के लिए शोकाकुल परिवार के लोगों को भटकना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम प्रशासन सुस्त बना हुआ है। नगर निगम द्वारा रामनगर मुक्तिधाम में शवों के दाह संस्कार के लिए लकड़ियों की सप्लाई का काम ठेके पर दिया हुआ है।

मुक्तिधाम में शवों का दाह संस्कार करना मुश्किल होता जा रहा है। दिवंगतों के परिजनों ने बताया कि पिछले पंद्रह बीस दिन से मुक्तिधाम में जलाऊ लकड़ियों का टोटा बना हुआ है। यहां पतली लकड़ियां बिल्कुल नहीं है। सिर्फ मोटी लकड़ियां ही बची हैं। शवों को जलाने के लिए मोटी लकड़ियों के साथ पतली लकड़ियों की भी जरुरत होती है। लेकिन ठेकेदार द्वारा मुक्तिधाम में जलाऊ लकड़ियों के नाम पर सिर्फ मोटी मोटी लकड़ियों की ही सप्लाई की जा रही है।

इस कारण दिवंगतों के परिजनों के लकड़ियों के लिए भटकना पड़ रहा है । कई परिजन तो बाहर से पतली लकड़ियां ला रहे हैं। मोटी लकड़ियों से चिता पूरी नहीं जल रही है या फिर अधिक समय लग रहा है। इससे दिवंगतों के परिजनों का दुख और परेशानी अधिक बढ़ने के साथ अधिक समय तक रुकना पड़ रहा है। लेकिन वैशालीनगर जोन सहित नगर निगम प्रशासन बेसुध है।

### रोज लाए जाते हैं पंद्रह शव

रामनगर मुक्तिधाम में रोज दस से पंद्रह शवों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था है। पटरीपार क्षेत्र में यह एकमात्र मुक्तिधाम है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि एक शव को जलाने के लिए लगभग तीन क्विंटर लकड़ी की जरुरत पड़ती है। इसके साथ छेना का भी उपयोग होता है। लेकिन पर्याप्त व पतली लकड़ियों की सप्लाई नहीं होने से संबंधितों को परेशानी हो रही है। बरसात के मौसम में भी लोग गीली लकड़ियों की सप्लाई होने से परेशान रहे। अपने दिवंगत परिजनों का अंतिम संस्कार करने आए लोगों ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल समस्या का निदान कर शोकाकुलों को राहत दिलाने की जरुरत है।

# दीपावली में भी कर्त्तव्य निभाते रहे, स्वास्थ्य कर्मियों ने अतिरिक्त अवकाश मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने पैरामेडिकल कर्मचारियों को अतिरिक्त अवकाश अन्य कार्य दिवस की मांग की है। संघ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मनोज पिंगुआ और संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रितुराज रघुवंशी को इस संबंध में पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने बताया है कि प्रदेश के सभी विभागों में दीपावली के उपलक्ष्य में दो दिन अधिकारी-कर्मचारियों ने अवकाश मनाया है। शासकीय अस्पतालों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई है। वैसे भी अस्पतालों में मैनपावर कम है। इसके बावजूद केजुअल्टी के साथ अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों की देखभाल करने स्टाफ नर्स,दवा देने फार्मासिस्ट, दुर्घटना के शिकार लोगों की मल्हम पट्टी करने व टांका लगाने ड्रेसर सहित सभी पैरामेडिकल स्टाफ ने दीपावली की छुट्टी पर ड्युटी कर सुरक्षित प्रसव सहित इमरजेंसी केसेस का पूर्ण उपचार किया है। मांग करने वालों में प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ,प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा,आर डी दीवान, अश्वनी गुर्देकर, अनिल पांडेय उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल ,बी के शुक्ला, अजय परिहार, तुफान अली, नर्सिंग प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक जैकलीन डान संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, संगठन सचिव जी मोहन राव एम पंडैया आदि शामिल हैं।

## 150 निवेशकों में 75 का हुआ चेक बाउंस, गिरफ्तारी से निवेशकों में जागी आस

# चेक बाउंस वाले निवेशक भी पहुंच रहे हैं डॉ. खंडूजा के खिलाफ थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- 19 .41 करोड़ ठगी मामले में गिरफ्तार हैं
- अपोलो बीएसआर अस्पताल के पूर्व डॉयरेक्टर थे

अपोलो बीएसआर अस्पताल के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ एमके खंडूजा ने सैकड़ों की संख्या में भिलाई-दुर्ग के लोगों से ठगी किया। इसमें 150 निवेशको में 75 को रुपए निकालने चेक दिया गया था। उनके चेक बाउंस हो चुके है। पुलिस ने जब डॉ एमके खंडूजा को गिरफ्तार करने के बाद निवेशकों में रुपए मिलने के आस में थाना और चौकी के चक्कर काट रहे है। इन निवेशकों को रुपए मिलने की आस जाग गई है। अब तक पुलिस डॉ एमके खंडूजा मामले में पुलिस शिकायत सभी का लेकर जांच करना शुरु कर दिया है। आने वाले दिनों में पुलिस डॉ खंडूजा के ठगी मामले में बड़ा खुलासा भी हो सकता है। पुलिस ने एमके खंडूजा को बीते दिनों 19.41 करोड़ के ठगी मामले में कलकत्ता से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं डॉ खंडूजा की मुश्किले कम होने का नाम नहीं ले रही है बल्कि लगातार उनकी परेशानी बढ़ती ही जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक स्मृति नगर पुलिस चौकी में करीब डेढ़ सौ निवेशकों ने डॉ खंडूजा के खिलाफ शिकायत किया है।




अस्पताल को बेचने से पहले कई महीनों तक एमके खंडूजा ने डॉक्टर से लेकर नर्सिंग स्टॉफ तक को वेतन देना बंद कर दिया था। सभी कर्मियों को सिर्फ आश्वासन दिया जाता था कि वेतन जल्द मिलेगा। इसी आस में कर्मियों द्वारा काम किया जाता रहा है। इसके अलावा कर्मियों के वेतन से कटने वाली पीएफ की राशि को कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय में जमा तक नहीं किया गया। बल्कि जुलाई 2016 से नवंबर 2018 तक का अंशदान जमा नहीं किया। डॉ. मनमोहन खंडूजा ने अपने कर्मियों का पीएफ राशि करीब 6 करोड़ 66 लाख 11 हजार 404 रुपए कार्यालय में जमा तक नहीं किया।

### ब्याज देने के बहाने दिया था चेक

बताया जा रहा है कि डॉ एमके खंडूजा ने निवेशकों को ब्याज की राशि के एवज में चेक भी दिया लेकिन बाउंस होने के बाद निवेशक भडक गए। तब तक डॉ खंडूजा अपने अस्पताल को बेचकर शहर छोड़कर फरार हो गए थे। इस दौरान निवेशक आरोपी डॉ खंडूजा को खोजते रहे लेकिन इस बीच छावनी पुलिस थाने में इंजीनियरिंग कालेज के संचालक ने 19.41 करोड़ रुपए का ठगी के मामला छावनी पुलिस ने दर्ज किया। एसीसीयू और छावनी पुलिस ने मशक्कत के बाद डॉ खंडूजा को पकड़ कर लाया गया। इस ठग के लाने के बाद जैसे ही लोगों को जानकारी हुई कई निवेशकों को दिए गए। मगर वो निवेशक भी थाने पहुंचकर शिकायत कर रहें है।

### संपत्ति को जब्त भी किया जा सकता है



“ पुलिस जांच कर मेमोरेण्डम के आधार पर आरोपी की संपत्ति को जब्त कर सकती है। यदि संपत्ति आय से अधिक पाई जाती है तो आर्थिक अपराध ब्यूरों भी कार्रवाई कर सकती है। इसके अलावा चिकित्सक का लाइसेंस भी निलंबित किया जा सकता है। पुलिस आरोपी पर धारा 419, 42, 467, 468, 471, 120 बी , 201, 34 के तहत भी कार्रवाई कर सकती है। आवेदक अपनी लिखित शिकायत देकर थाना और चौकी से पावती जरुर ले। इसके अलावा आवेदक अपने अधिवक्ता के माध्यम से धारा 156 (3) सीआरपीसी, धारा 178 बीएनएस के तहत कोर्ट में आवेदन कर सकता है।

**ज्ञानप्रकाश दांडेकर,** अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट

# राज्योत्सव से छत्तीसगढ़ की संस्कृति देश दुनिया में फैलेगी: सांसद अग्रवाल

**दुर्ग।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय दुर्ग में जिला स्तरीय राज्योत्सव शुरु हुआ। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों में विभागीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विशिष्ट अतिथि थे।

श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तीव्र गति से विकास की राह पर लेकर जा रही है। छत्तीसगढ़ के नौजवान देश-दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या की जन्म भूमि, सीमेंट, अभ्रक, पानी प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है, 42 प्रतिशत वनों से आच्छादित है हमारा छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ की धरती खनिज और वन संपदा से पूरिपूर्ण है। लोगों के जीवन में खुशहाली लाना यह हमारा दायित्व है। छत्तीसगढ़ में 15 सालों तक सिंचाई, पानी, प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला है और निरंतर मिलता रहेगा। छत्तीसगढ़ के लोगों की तकदीर बदल गई है। प्रदेश सरकार ने पीएम नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मान से धान की खरीदी की है। जिसकी रौनक हमारे शहरों में भी देखने को मिली। प्रधानमंत्री जी ने माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी, यह गारंटी भी पूरी कर दी गई है। माताओं और बहनों को हर महीने एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है।

# लगातार चार बार महिला सरपंच, ग्रामीणों ने कहा- अब पुरुष को मिले नेतृत्व का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरुर ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत स्थित ग्राम नारागाँव के ग्रामीणों ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पुरुष अनारक्षित वर्ग की माँग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इसके साथ ही सरपंच पद पुनः महिला के लिए आरक्षित किए जाने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी भी दी गई है।

जिले के वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम नारागाँव के लोगों का कहना है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत विगत चार पंचवर्षीय से महिला आरक्षण होने के कारण महिला ही सरपंच बनती रही है। इसलिए अब सरपंच पद के लिए सामान्य वर्ग के पुरुष को अवसर देना चाहिए, ताकि यहां का विकास तेज गति से हो सके। बता दें कि गांव की कुल जनसंख्या 2200 से ज्यादा है और वोटरों की संख्या 1355 से ज्यादा है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार 20 साल से पंचायत चुनाव में महिला आरक्षण हो रहा है तथा महिला ही सरपंच बन रही है। अब गाँव के विकास के लिए सामान्य पुरुष वर्ग को मौका दिया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीण नीलकंठ तारम, खम्हन साहू, हेमलाल साहू ने बताया कि सरपंच पद के लिए चार पंचवर्षीय से महिला सीट आरक्षित आया और उन्हें सरपंच बनकर अगवाई करने का मौका मिला।

## मांग को लेकर नारागाँव के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन





### हम भी ग्रामीणों के साथ

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विगत चार पंचवर्षीय महिला आरक्षण आने से हम महिलाओं को गाँव की अगुवाई करने का मौका मिला। अब सभी ग्रामवासी चाहते हैं कि इस बार सरपंच पद के लिए पुरुषों को भी मौका दिया जाए। हम उनके साथ है।

प्रतिमा मंडावी, सरपंच।

### महिलाओं ने भी दी सहमति

अब ग्रामीणों ने बैठक कर सर्वसम्मति से फैसला लिया है कि इस बार पुरुषों को सरपंच बनने का मौका मिले। इसके लिए महिलाओं ने भी सहमति दी है। ग्राम पटेल पूरन गावड़े ने बताया कि गाँव में पुरुष व महिलाओं के साथ बैठक कर सर्वसम्मति से इस बार पुरुष सामान्य वर्ग से सरपंच बनाने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही पुरुष सामान्य वर्ग का आरक्षण नहीं आने पर चुनाव बहिष्कार करने का फैसला लिया गया है। इस संबंध में प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर जानकारी दे दी गई है।

## खबर संक्षेप



### सड़क कांग्रेस अधिवेशन के लिए राज्यपाल को आमंत्रण

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में लोक निर्माण के अधिकारियों ने मुलाकात कर उन्हें ऑल इंडिया रोड कांग्रेस के 8वें अधिवेशन के लिए आमंत्रण दिया। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित यह अधिवेशन 8 से 11 नवंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में होगा, जिसमें देशभर के राज्यों के लोक निर्माण के अधिकारी, कंस्ट्रक्शन विशेषज्ञ, डिजाइनर, स्टेट हाईवे के अधिकारी, तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी आदि शामिल होंगे।

### नए विधानसभा भवन का विहंगम दृश्य लुभा रहा

**रायपुर।** नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का विहंगम दृश्य लोगों को रोमांचित कर रहा है। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में लोक निर्माण विभाग के स्टॉल में नए विधानसभा भवन और भिलाई के पॉवर हाउस में निर्मित फ्लाईओवर के मॉडल को प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल में इन दोनों निर्माणों से संबंधित जानकारियां भी दर्शाई गई हैं। यहां हाल के वर्षों में लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित प्रमुख भवनों, सड़कों और पुलों को भी प्रदर्शित किया गया है।

### कनाडा में हिंदुओं पर हमले की सिख समुदाय ने की निंदा

**रायपुर।** कनाडा के मंदिरों में हिंदुओं पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा किए गए हमले की छत्तीसगढ़ का समूचा सिख समाज पुरजोर निंदा करता है, ऐसी अलगाववादी नीतियों का विरोध करता है। सिख समाज छत्तीसगढ़ के संयोजक व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि कनाडा में 7 लाख से ज्यादा सिक्ख निवास करते हैं, मुठ्ठीभर अलगाववादियों की इस कायराना हरकत की छत्तीसगढ़ का पूरा सिख समाज निंदा करता है। सिख समाज छत्तीसगढ़ के सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, कल्याण सिंह पसरीजा, तेजिंदर सिंह होरा, गुरमीत सिंह गुरदत्ता, मंजीत सिंह सलूजा, हरजीत सिंह अजमानी, कुलदीप सिंह चावला, भूपेंद्र सिंह मक्कड़, सतपाल सिंह खनूजा, गुरदीप सिंह छाबड़ा ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर गिरफ्तार करने साथ ही ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है।

## सदस्यता अभियान, सक्रिय सदस्यता अभियान व संगठन चुनाव कार्यशाला को लेकर हुई बैठक

# जिले में भाजपा संगठन चुनाव की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम जूंगेरा स्थित भाजपा कार्यालय बालोद में मंगलवार को सदस्यता अभियान, सक्रिय सदस्यता अभियान एवं जिले में संगठन चुनाव कार्यशाला को लेकर बैठक रखी गई।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता व बालोद जिले के संगठन चुनाव अधिकारी नीलू शर्मा व जिला अध्यक्ष पवन साहू सहित जिले के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला महामंत्री व जिला सदस्यता अभियान के संयोजक एवं संगठन चुनाव सह प्रभारी राकेश छोटू यादव ने जिले के सदस्यता अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सक्रिय सदस्य के विषय में बताते हुए आंकड़ों के साथ संपूर्ण जानकारी दी। साथ ही जिला संगठन चुनाव 2024 के लिए मंडलवार चुनाव अधिकारी व सहयोगी, सह सहयोगी की नियुक्ति की जानकारी प्रस्तुत की। नीलू शर्मा ने चुनाव संबंधित जानकारी जिले से आए हुए पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक दी। सदस्य बनने से लेकर शक्ति केंद्र में दिए गए रजिस्टर व हर बूथ में ऑफलाइन ऑनलाइन सदस्यों को सक्रिय सदस्य बनाने के लिए 9 तारीख तक पूरा करके जिला में जमा करने के लिए सभी मंडल अध्यक्षों को कहा। आगे 9 तारीख से बूथ स्तर में चुनाव की तैयारी की बैठक कार्यशाला शुरू होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल्द बुथ स्तर में चुनाव कराए जाएंगे। पवन साहू ने कहा कि जिसे जो दायित्व मिला उसने सफलतापूर्वक पूरा करने की कोशिश की। कहा हमें जो लक्ष्य मिला है हम सब उस ओर अग्रसर है, जो काम थोड़ा बहुत बच गया है उसे जल्द पूरा करें और प्राथमिक सदस्य बुक व सक्रिय सदस्य बुक को कार्यालय में जल्द जमा करें और ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाएं। इस संगठन चुनाव कार्यशाला बैठक में पूर्व विधायक प्रीतम साहू, यशवंत जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत पवार, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, नरेश यदु, त्रिलोकी साहू, संध्या भारद्वाज, जिला मंत्री नरेश साहू, जयेश ठाकुर, अमित चोपड़ा, कृतिका साहू, लोकेश श्रीवास्तव, कमल पनपालिया, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला मोर्चा अध्यक्ष आदित्य पिपरे, अकबर तिगाला, पार्षद कमलेश सोनी, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, सुरेश निर्मलकर, कौशल साहू, दुष्यंत सोनवानी, टिनेश्वर बघेल, मेहतर नेताम, खेमलाल देवांगन, अजेंद्र साहू, पंकज चौधरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक के दौरान दल्ली राजहरा कांग्रेस के पूर्व पार्षद प्रदीप बाघ को दल्ली राजहरा मंडल अध्यक्ष व महामंत्री ने जिला अध्यक्ष पवन साहू व प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा के समक्ष भाजपा गमछा पहनकर भाजपा प्रवेश कराया।





### जिले में सक्रिय सदस्यता के लिए भरे गए 1150 फार्म

महामंत्री चेमन देशमुख ने 9 मंडलों के सक्रिय सदस्य की लिस्ट की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक जिले में 1150 सक्रिय सदस्यता के फार्म भरे गये हैं। चयन समिति की समीक्षा के बाद प्रथम चरण में जो अभी जारी है, जिसमें 200 से अधिक की सूची तैयार की जा रही है। इसके साथ ही ऑनलाइन आफलाईन सदस्यों की जानकारी दी और जिस मंडलों में प्राथमिक सदस्य का काम पूरा नहीं हुआ है, उन्हें जल्द पूरा करने व शक्ति केंद्र रजिस्टर के साथ सक्रिय सदस्यों की बुक जमा करने को कहा।

### दिवंगत कार्यकर्ताओं को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यशाला समापन में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं यज्ञदत्त शर्मा के बड़े पिताजी स्व. लोकेश शर्मा, मंडल महामंत्री संतोष कौशिक की माताजी स्व. कुमारी बाई कौशिक, जागेश्वर साहू के सुपुत्र स्व. हेमकांत साहू, स्व.मनथीर जोशी पूर्व जनपद सदस्य सभी को श्रद्धांजलि दी गई।

# सही ज्ञान वो होता है, जो जीवन जीने की कला सिखाए प्रतिकूलता में काम आए

**खास बातें**

- ज्ञान पंचमी पर संत ऋषभ सागरजी ने बताया सही ज्ञान का महत्व
- कहा- आज का ज्ञान हमें पढ़ा-लिखा तो बना रहा है, लेकिन समझदार नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ज्ञान वही श्रेष्ठ है जो परिस्थितियों के अनुरूप जीना सिखाये, तब ही जीवन सरल और शांत हो सकता है। पहले व्यवहार से ज्ञान दिए जाते थे अब पुस्तकीय ज्ञान को महत्व दिया जाने लगा है। गुरु की जगह गूगल ने ले लिया है। उक्त बातें ज्ञान पंचमी पर व्याख्यान देते हुए संत ऋषभ सागर जी ने कही।

महावीर भवन में प्रवचन देते हुए संत ऋषभ सागरजी ने कहा कि लोगों में ज्ञान का महत्व जगे इसलिये ज्ञान पंचमी का यह पर्व मनाते हैं। पुस्तकीय ज्ञान का महत्व तो बढ़ा है, लेकिन उतना ही व्यवहार का ज्ञान घटता जा रहा है। आज का ज्ञान हमें पढ़ा-लिखा, एजुकेटेड तो बना रहा है, लेकिन समझदार नहीं। सही ज्ञान वो होता है, जो जीवन जीने की कला सिखाए, प्रतिकूलता में काम आए।

### आज के बच्चों का कांफिडेंस लूज़

संत ऋषभ सागर जी ने कहा कि आज एक परीक्षा में फेल होने पर बच्चे आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। आज के बच्चों का कांफिडेंस लूज़ है, जो परिस्थितियों का सामना कर सके, वही ज्ञान है। व्यावहारिक ज्ञान के अभाव में बच्चों में बिगड़ने का क्रम तेजी से बढ़ा है। समाज भी इसे एडजेस्ट और एक्सेप्ट करने लगा है। विकृत मानसिकता के बीच अच्छी बातें टीक नहीं पातीं। बुरी बातें निकल नहीं पातीं। यही सब अशांति का कारण बनते हैं। छोटी-छोटी अच्छी बातों को आत्मसात करें। ज्ञान के साधनों का सम्मान करें और अपने विचारों को निर्मल बनाएं।

# निर्धारित समय पर गुणवत्ता के साथ करें शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

- कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों की आय दुगुना करने के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर एवं अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने पशुपालन विभाग को चयनित हितग्राहियों को मुर्गी पालन के लिए शीघ्र चूजे प्रदान करने, सिलाई-कढ़ाई एवं मशरूम उत्पादन करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान कराने को कहा। इसके साथ ही पेयजल की समुचित उपलब्धता की भी जानकारी ली। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग हुच्चेटोला के ग्रामीणों की आय दुगुना करने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।



### सड़क दुर्घटना रोकने करें आवश्यक उपाय

बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा करते हुए समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए उन्होंने जन जागरूकता अभियान चलाने तथा नियमित रूप से शिविर आदि लगाकर आम जनता को सड़क सुरक्षा के उपायों की जानकारी देने को कहा। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से दल्लीराजहरा में 100 बिस्तर वाले अस्पताल के सुचारू संचालन के उपायों की जानकारी ली और जरूरी उपाय करने को कहा।

### धान खरीदी की तैयारियों की ली जानकारी

बैठक में चन्द्रवाल ने 14 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य की तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला खाद्य अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने जिले में अगले सप्ताह से प्रारंभ हो रहे महिला खेल के आयोजन के तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को विकासखंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय महिला खेल के आयोजन के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस आयोजन में स्थानीय प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए।

## एकलव्य महाविद्यालय में हुई निबंध प्रतियोगिता



**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में तृतीय राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद, एनईवाईपी.2025 के अंतर्गत 6 नवंबर को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान प्राचार्य राजू लाल कोसरे, कार्यक्रम संयोजक नंदकिशोर सिन्हा, सह संयोजक कुलेश्वर पटेल एवं समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जनदर्शन में पहुँचे लोगों की समस्याओं के समुचित निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बरबसपुर निवासी नामिन, उषा साहू, अन्नपूर्णा साहू, ओम कुमारी, रोशनी सहित स्वसहायता समुह के महिलाओं के अलावा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम देवगहन के लोकेन्द्र साहू सहित जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों ने अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।
























विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में शामिल होगी मीनाक्षी



**गुरूर।** स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविका बीए तृतीय वर्ष की छात्र मीनाक्षी का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए हुआ है। शिविर का आयोजन 10 से 19 नवंबर तक बीआईटी पटना बिहार में होगा। शिविर में कई राज्यों के स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए चयन होने पर बालोद जिले की जिला संगठक डॉ लीना साहू, महाविद्यालय के प्राचार्य केएल रावटे, कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर आरके सोरी, प्राध्यापक एल हिरवानी, योगेंद्र धुर्वे एवं समस्त स्टॉफ तथा स्वयंसेवकों ने मीनाक्षी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### जुआ खेलते 6 पकड़ाए

**अंडा।** थाना अंडा पुलिस ने जुआ खेल रहे 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 नवंबर को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि ग्राम विनायकपुर में तालाब के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तालाब के पास पहुंचकर पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान संजय पटेल पिता होलकर लाल पटेल उम्र 45 वर्ष, रामेश्वर निषाद पिता केजू राम निषाद उम्र 45 वर्ष, गजाधर फीवर पिता संतराम दीवार उम्र 40 वर्ष, नेम सिंह खरे पिता शोभाराम उम्र 34 वर्ष, श्रवण निषाद पिता सेवाराम उम्र 30 वर्ष, मंगलू देवांगन पिता जगन्नाथ उम्र 32 वर्ष जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। जुआरियों से ताश के साथ ही नकदी रकम भी जब्त किया गया।

### पावरहाउस अंडर ब्रिज चौक पर दुर्घटना का अंदेशा

**भिलाई।** पावरहाउस अंडरब्रिज चौक डेंजर प्वाइंट के रुप में चर्चित हो रहा है। यहां लाइट की कमी और मार्ग ऊपड़ खाबड़ होने से ट्रैफिक दुर्घटनाजन्य बना रहता है। व्यवसायियों ने बताया कि अंडरब्रिज साइड में फुटओवरब्रिज डिस्मेंटल करने के बाद फाउंडेशन स्थल को पांच साल बाद भी समतल नहीं कराया गया है। इस कारण वाहनों के आवागमन के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। टाउनशिप की ओर से अंडरब्रिज से आटो आदि आदि पावरहाउस आने के दौरान बीच में बंद हो जाने से जाम लग जाता है। यहां स्ट्रीट लाइट की रौशनी कम होने से भी अंधेरे से अवाजाही में परेशानी रही है। लोग पांच स्ट्रीट लाइट की मांग क रहे हैं। साथ ही फुट ओवरब्रिज के तोड़े गए फाउंडेशन स्थल को समतल किए जाने की भी मांग कर रहे हैं।

### जीई रोड किनारे शराब दुकान से बढ़ी दुर्घटनाएं

**भिलाई ।** जीई रोड पर नेहरुनगर में सीएएफ लाइन के निकट शराब भट्ठी स्थित होने से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। शराब दुकान के एक ओर रेलवे ट्रैक है तो दूसरी ओर फोरलेन है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि शराब पीकर नशे में लोग रेलवे लाइन और जीई रोड पार करते हुए दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। अब तक कई नशेड़ियों की मौत हो चुकी है। इसके चलते लोग लंबे समय से शराब दुकान हटाने की मांग की रहे हैं।

## पर्व : अंचल में दीपावली के पांचवें दिन भी छाया रहा उल्लास, हुए कई कार्यक्रम

# पारंपरिक रूप से उत्साह के साथ मना मातर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर





■ कलंगपुर में ग्राम विकास समिति व अधिकारी-कर्मचारियों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

ग्राम कलंगपुर में दीपावली पर्व के पांचवें दिन भाईदूज व मातर उत्सव बहुत ही धूमधाम एवं भाईचारा के साथ मनाया गया। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कुशल राम साहू व समिति के सभी पदाधिकारियों सहित समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मातर उत्सव कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था।

शाम 6 बजे गांव के गौठान में पूजा-अर्चना के बाद जमकर आतिशबाजी की गई। साथ ही यहां के अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग से रात्रिकालीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी संस्था लोक रंजनी की प्रस्तुति रखी गई थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पहले पूर्व ग्राम विकास समिति द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसमें स्थानीय कलंगपुर के बेटे बेटियाँ जो छत्तीसगढ़ प्रदेश संहित विभिन्न स्थानों पर शासकीय पदों व बड़े बड़े कंपनियों में कार्यरत एवं देश की सुरक्षा में लगे जवानों जो गाँव का नाम रोशन कर रहे उन अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन हरीश कुमार कोमल सिंह एवं दिलीप कुमार कुल्हारे ने किया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के खिलानंद कुल्हारे, राकेश मंडावी, तोरण कुल्हारे, पीगेश साहू, रमेश सिन्हा, रामजी सिन्हा, हेमंत साहू, प्रेमलाल सिन्हा, रामनारायण सिन्हा, केशव वैष्णव, हरिश कुल्हारे, कोमल कुल्हारे, जीतू महतो, ओमप्रकाश नेताम, पालेन्द साहू, छोटू निषाद, रामजी विश्वकर्मा, भोलेश महतो, टिकेन्द साहू सहित गांव के बहुत से कर्मचारियों व ग्रामीणजनों की उपस्थित थे।

### राज्योत्सव में जंजगिरी व डूमरडीह के पंथी दल ने दी शानदार



**अंडा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में दुर्ग जिले की नामी पंथी दल सत्यदीप पंथी दल जंजगिरी एवं गुरु आशीष पंथी दल डूमरडीह की संयुक्त प्रस्तुति हुई। पंथी के माध्यम से आकाशवाणी व दूरदर्शन के पंथी गायक अजय चतुर्वेदी ने अपनी मधुर आवाज में गुरु घासीदास बाबाजी के उपदेशों व संदेशों का बखान किया। कोरियोग्राफर मोनाछः बंजारे के कुशल संयोजन में पंथी की बहुत सुंदर प्रस्तुति हुई। गायक अजय चतुर्वेदी, मांदर वादक जोगांश चेलक, नृत्य निर्देशन मोनाछ बंजारे, अध्यक्ष संदीप बंजारे, ताम्रध्वज देशलहरे, सुनील जांगड़े, ओंकार चतुर्वेदी, प्रभात पाटिल, आयुष, अमन देशलहरे, संदीप बंजारे, अमित कोशरे, आयुष बंजारे, देवा मार्कण्डेय, दौलत मार्कण्डेय, कमलकांत डहरे सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### परसदा में धूमधाम से मना मातर उत्सव

■ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

**बालोद।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भाईदूज व मातर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान यादव समाज के युवक भगवान श्री कृष्ण और बलराम की वेशभूषा धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुए। वहीं, टोली में सामाजिक युवक–युवतियों और बच्चों का राउत नाचा आकर्षण का केंद्र रहा। जिला मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम परसोदा में भी ग्रामीणों ने धूमधाम व उत्साह के साथ मातर उत्सव मनाया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम परसोदा में विगत 12 वर्षों से भाईदूज एवं मातर के शुभ अवसर पर अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न तरह के खेल कूद, रंगोली प्रतियोगिता, होनहार स्कूली बच्चों एवं बुजुर्गों का सम्मान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष भी मातर के अवसर पर सर्वप्रथम नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों में लेफ्टिनेंट इंडियन आर्मी यामिनी साहू प्लाटून कमांडर मुकुलचंद साहू, क्लर्क कौस्तुभ साहू, एवं युगल किशोर प्रो. संपूर्ण कार्मेसी को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 10 वीं और 12 वीं की प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में खुशी साहू, ख्याति साई, प्रेरणा साहू और सौम्या साहू को भी सम्मानित किया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



### ग्राम फरदडीह में हुआ भंडारा और सांस्कृतिक



**डौंडीलोहारा।** जय मां लक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा ग्राम फरदडीह में मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित की गई थी। इस अवसर पर गुरुवार को महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्रामीणों ने महाप्रसादी ग्रहण की। उसके बाद रात्रि में सुर संध्या भर्रीटोला (रेंगाडबरी) विष्णु कोठारी एवं पार्टी का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शांता पोंगरा, विशेष अतिथि मुकेश आरदा अध्यक्ष भारत स्वाभिमान न्यास जिला बालोद थे। विशेष सहयोग मोहन कोसमा, तामरज खरे, कमल पिस्दा, टीकाराम साहू, महेंद्र पोंगरा, संदीप देवांगन, चेतन साहू व समस्त ग्रामीणों का रहा। ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

### छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा की पहचान है मड़ई-मेला : वीरेंद्र

■ सिकोसा में हुआ क्षेत्र के प्रथम मड़ई-मेले का आयोजन

**बालोद।** दीपावली के बाद मड़ई-मेला कार्यक्रम की शुरुआत हो चुकी है। बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम सिकोसा में क्षेत्र के प्रथम मड़ई का आयोजन किया गया। इसके साथ ही अब अन्य गाँवों में भी मड़ई-मेले का आयोजन किया जायेगा। ग्राम सिकोसा के मड़ई मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू शामिल हुए, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य ममता चंद्राकर, सरपंच आरोप चंद्राकर, प्रमोद जैन, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष संजय बारले, चैनसिंह पटेल, सुखित लहरे, डामन चौरे, उत्तम बारले, देवेंद्र देशमुख शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्परा की पहचान मड़ई-मेला है। यह ग्रामीण क्षेत्र में किसी उत्सव से कम नहीं है।



इस अवसर पर कविता चंद्राकर, लीला मारकंडे, कस्तूरी चौरे, हेमलाल मारकंडे, निजानंद चंद्राकर, पंचराम यादव, टेमन महादेवा, कुलेश्वर तिवारी, अनिल जैन, महेश महिलवार, विजय बारले, गणेश्वर भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण

#### मड़ई-मेले से बढ़ता है भाईचारा : पुष्पेंद्र

जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा मड़ई मेला महोत्सव है, जिसे आप सभी ने जीवंत बनाए रखा है। बड़े ही उत्साह हर्ष और उमंग के साथ मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे आयोजन से ग्राम भाईचारा बढ़ता है। समाज में समानता लाने का अनुपम कार्य आदिकाल से छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। फसल कटाई के बाद से ही मड़ई मेला का आयोजन होता है, ऐसे आयोजन ग्रामीणों में एकता के भाव का संचार करते हैं।

## ग्राम पंचायत हितेकसा ने बुजुर्गों का किया सम्मान



**गुरूर।** बुधवार को ग्राम पंचायत हितेकसा द्वारा मितानिन, ग्राम के वयोवृद्ध, महिलाओं, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं प्रतिष्ठित जनों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मन्नू राम कांगे ने सम्मान समारोह के लिए ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरपंच भूपेश कुमार हिरवानी ने कहा कि गांव के लोग सभी एक होकर कार्य करें, आने वाले पीढ़ी को सुधारने का प्रयास करें। सरपंच ने स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान गांव के विकास और उन्नति के लिए किया गया है। मनराखन ठाकुर, नेहरु राम साहू, कार्तिक राम ठाकुर, रामाधार नागवंशी, स्वास्थ्य विभाग के रीतू ठाकुर, उर्मिला मंडावी, यशोदा मंडावी अतिथि के रुप में उपस्थित थे। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सचिव नवल धुवे, उपसरपंच शन्तानू राम कुंजाम, मनबहल ठाकुर, अघनू राम साहू, सुनैना जुर्री, सीता बाई पोया, कृतिका सोरी, निर्मला मंडावी, तामेश्वरी कोवाची, कुमारी बाई, इंदूमती ठाकुर, कौशिल्या सोरी, कुलेश्वर धुव, सुखित सोरी उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय खुंदनी में शिक्षक हेमलाल ने दिया न्योताभोज

**गुरूर।** हेमलाल पटेल शिक्षक ने अपने जन्मदिन पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी एवं शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी के बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक एवं रसोइया उपस्थित थे।



## भाषण प्रतियोगिता में नंदिता प्रथम

### स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में वाणिज्य विभाग एवं महिला सेल के संयुक्त तत्वावधान में देश के आर्थिक विकास में महिला उद्यमियों की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सहायक प्राध्यापक वाणिज्य पूजा सोढ़ा ने भाषण प्रतियोगिता के विषय में जानकारी दी। प्रतियोगिता में कुल 18 प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उनमें प्रथम स्थान नंदिता बीकॉम प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान तनुजा देशमुख बीएससी प्रथम सेमेस्टर और तृतीय साक्षी सुधाकर बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक वेद प्रकाश ठाकुर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी तथा डॉ ओंकार प्रसाद चंद्रा सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र रहे। महिला सेल की संयोजिका अन्नपूर्णा यादव ने प्रतिभागियों को प्रभावी भाषण कला की बारीकियों पर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। प्राचार्य डॉ डीके बेलेंद्र ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित कर शुभकामनाएं दी। आभार प्रदर्शन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ सीमा जयसवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक अंजू रानी ठाकुर, डॉ शिप्पी देवांगन, जीवंतिका ठाकुर, ओम प्रकाश, कामता प्रसाद बंजारे एवं गोपाल पाली, के साथ ही स्टाफ अमित सिंह, येवेंद्र, प्रियंका साहू, राजेश्वरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





### चाकू व कटरबाजी में पांच घायल

**भिलाई।** भिलाई शहर के पांच थाना क्षेत्रों में चाकूबाजी की घटना हुई है। घटना में पांच लोग बुरी तरह जख्मी है। इसमें अपराधी घटना को अंजाम नशे की हालत में किया है। इस्तेमाल किए जाने वाला हथियार कटर और चाकू है। जिसमें किसी का हाथ कटा, किसी का पूरा चेहरा कटा तो किसी का पीठ काट दिया गया। पुलिस सभी मामले में केस दर्ज कर जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस किसी भी आरोपी को अब तक पकड़ नहीं पाई है। खुर्सीपार थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते तेलहा नाले के पास नरसिंह कुर्रे नामक युवक ने विराज साहू पर जानलेवा हमला कर दिया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग– सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर – मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## ग्राम अंडा में श्री शिव महापुराण कथा जारी

# महादेव कण-कण में विद्यमान हैं : पं. सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अंडा के मिलपारा में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तीसरे दिन शिवलिंग की उत्पत्ति की कथा और शिव पूजन की विधि बताई गई। कथावाचक पंडित सौरभ शर्मा ने कहा कि महादेव इतने सरल हैं कि गुननिधि जैसे ब्राम्हण जो चोरी करने गया था, उन्हें धनाढ्य धन का अधिपति कुबेर बना दिया। महादेव सभी पर कृपा करने वाले हैं। वे हर कण-कण में विद्यमान हैं। प्रवचनकर्ता पण्डित सौरभ शर्मा ने कहा कि व्यक्ति प्रकृति से खिलवाड़ करके अपने ही जीवन को अंत तक ले जा रहा है। उन्होंने प्रकृति को बचाने के लिए पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रकृति का सम्मान करें, जीवन के महत्त्व को समझें। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कार भी प्रदान करें। कथा के दौरान कमलेश चन्द्राकर, नरेन्द्र चन्द्राकर, प्रवीण चन्द्राकर, रेखा चन्द्राकर, श्याम सुंदर सिंह, नीरज त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



**सती-शिव चरित्र, पार्वती जन्म व शिव-पार्वती विवाह की कथा आज :** आज सती शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह की कथा सुनाई जाएगी। 8 नवम्बर को श्री राम जन्म, भस्मासुर कथा, 9 नवम्बर को श्री गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म, ताड़कासुर कथा, 10 को पंचाक्षर महिमा, पार्थिव शिवलिंग पूजन यज्ञ, चढ़ोतरी, शिव सहस्त्र नाम पूर्णाहुति की जाएगी। 10 नवम्बर को सिद्ध रूद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

8 रात व 9 दिन
Ex हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411